Regarding starting of flight services between Prayagraj and Delhi-laid

श्रीमती केशरी देवी पटेल **(फूलपुर):** प्रयागराज से दिल्ली तथा दिल्ली से प्रयागराज हेतु सुबह 7 से 9 बजे एवं सांय 7 से 9 बजे के आसपास सेवा शुरू की जायेI प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार के कई मुख्यालय, उच्च न्यायालय तथा कई विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान स्थित हैं तथा यह शहर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का प्रमुख केंद्र हैI प्रयागराज में 2025 में महाकुम्भ होना है, इसलिए भी यह होना जरूरी है । प्रयागराज एअरपोर्ट पर आवक कार्गो की अस्थाई सुविधा दी गई है, परन्तु कार्गो भेजने और स्टोर करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जबकि एअरपोर्ट की भविष्य की विस्तार योजना में कार्गो कोम्प्लेक्स का प्रावधान है I कार्गो सुविधा होने पर यहाँ के किसानो व छोटे व्यवसायियों को लाभ होगा । अत मैं माननीय उड्डयन मंत्री जी से मांग करती हूँ कि प्रयागराज से दिल्ली एवं दिल्ली से प्रयागराज हेतु सुबह 7 से 9 बजे एवं सांय 7 से 9 बजे के आसपास उड़ान सेवा शुरू की जाये एवं प्रयागराज एअरपोर्ट से कार्गो सेवा और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें तथा हज के लिये विमान की शुरुआत की जाए I